जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, बरेली की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दिनांक 14.07.2025 को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत

जिलाधिकारी महोदय, बरेली की अध्यक्षता में दिनांक 14.07.2025 को विकास भवन, बरेली में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माहवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, बैठक में जिला विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, परियोजना प्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 (कार्यदायी संस्था) टीम लीडर टी0पी0आई0, सहायक अभियन्ता जल निगम, डी0पी0एम0यू0, व समस्त टीम लीडर आई0एस0ए0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का कार्यवृत निम्नानुसार है–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिये गये कि :–

1. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशय निर्माण की धीमी प्रगति हेतु अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा गत माह तथा इस माह प्रगति में शून्य प्रगति के सम्बन्ध में तत्काल प्रगति बढाने हेतु निर्देशित किया गया ।
2. जिन ग्रामों में अवर जलाशय के कार्य पूर्ण हो गये है तथा आंशिक कार्य शेष है वहां पर शेष कार्य पूर्ण करा कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाये।
3. मै0 एन0सी0सी0 लि0 के AGM को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनाओं के कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु पेयजल योजनाओं पर पर्याप्त मात्रा में लेबर लगाई जाये तथा योजनावार लगाये गये श्रमिकों की सूची उपलब्ध कराई जाये।
4. जिन अवर जलाशयों का कार्य 50 प्रतिशत अथवा इससे ज्यादा पूर्ण हो गया है उनको प्राथमिकता के तौर पर आवश्यक श्रमिकों की संख्या बढ़ा कर शीघ्र पूर्ण कराया जाये।
5. मा0 जन प्रतिनिधियों को पेयजल योजनाओं के प्रगति से अवगत कराते हुए पूर्ण योजनाओं का भ्रमण करवाना सुनिश्चित करें।
6. प्रत्येक ग्राम में चयनित FTK प्रशिक्षित महिलाओं की सूची जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित कर उनका बकाया मानदेय / पारिश्रमिक दिलवाना सुनिश्चित करें।
7. पेयजल योजनाओं के संचालन हेतु समस्त पम्प आपरेटर की सूची प्रस्तुत की जाये।

मुख्य विकास अधिकारी,
बरेली।

पत्रांक 674 / M.1 / 32 दि० 8.8.25

प्रतिलिपि–

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. टी0पी0आई0 (वी0एल0जी0) बरेली।
4. मै0 एन0सी0सी0 लि0, बरेली।
5. समस्त ISA एजेन्सी, बरेली।

Digitally signed by
DEVAYANI YADAV
Date: 08-08-2025
12:57:28

मुख्य विकास अधिकारी
बरेली।

Scanned with OKEN Scanner